प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 26.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में विविध विषयों पर साझा किए विचार, देश के नवनिर्माण का दिया मंत्र, लोक आस्था के महापर्व छठ की दी बधाई।**
2. **छठ महापर्व के दूसरे दिन आज हो रहा है खरना का अनुष्ठान, सुरक्षा इंतजाम के साथ घाट सज कर तैयार, अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य कल ।**
3. **निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचारकों से चुनाव के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने को कहा है।**
4. **राज्य सरकार की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 18 नवंबर से फिर होगा शुरू, पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाकर आम लोगो को दिलायी जाएगी योजनाओं का लाभ।**
5. **सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का फाइनल इवेंट्स आज शाम 6 बजे से, रात आठ बजे आयोजित होगा समापन समारोह।**

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत छठ की शुभकामनाओं के साथ की। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपने आसपास छठ पूजा को देखें, काफी सुखद अनुभव होगा। छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतिबिंब है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भी लोगों में काफी उत्साह है।

****

छठ महापर्व के दूसरे दिन आज खरना का अनुष्ठान किया जा रहा है। सूर्यास्त के बाद छठ व्रती गुड़ और दूध से बनी खीर को सूर्य देव को भोग अर्पित करेंगे। अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्ध्य कल अर्पित किया जाएगा। इधर, रांची सहित पूरे राज्य में छठ को लेकर घाटों को सजा कर तैयार कर लिया गया है। बाजारों में फल व पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। रांची के बुंडू स्थित सूर्य मंदिर में भी छठ को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

इधर हजारीबाग जिले में छठ पर अनोखा बाजार लगा है। फल बाजार समिति के एक सदस्य चंदन मेहता ने बताया कि समाज के लोगों से सहयोग राशि ली जाती है और फिर उन्हें बेच कर पैसा वापस किया जाता है।

इधर पाकुड़े जिले में भी छठ को लेकर उत्साह चरम पर है। जिले के करीब दो दर्जन छठ घाटों को तैयार कर लिया गया है।

****

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचारकों से चुनाव के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने को कहा है। आयोग ने प्रचार के लिए कम से कम दस प्रतिशत हिस्से को कवर करने वाली किसी भी एआई से बनी फोटो, ऑडियो–वीडियो को एआई.जनित डिजिटल रूप से बनी या सिंथेटिक सामग्री के रूप में चिन्हित

करने को कहा है। इसके अलावा, ऐसी सामग्री में इसके निर्माण के लिए ज़िम्मेदार संस्था का नाम प्रमुखता से दर्शाना आवश्यक है।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकार के रविकुमार ने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण –एसआईआर कार्यक्रम के लिए सभी जरूरी तैयारियां समय पर करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि एसआईआर के क्रम में मतदाताओं को कम से कम दस्तावेज प्रस्तुत करने पड़े, इसके लिए 2003 की मतदाता सूची से उनकी पैतृक मैपिंग अनिवार्य रूप से की जाए। पैतृक मैपिंग के कार्य में तेजी लाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पंचायत स्तर पर और शहरी क्षेत्र में सभी वार्ड स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

****

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पांचवा चरण 18 नवंबर से फिर शुरू होगा। यह कार्यक्रम 18 से 28 नवंबर तक चलेगा, जिसमें पंचायत स्तर पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी जिलों के प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन हो सके।

****

दुमका जिले के सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र–सीएचसी ने झारखंड में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 12 घंटे के दौरान यहां 10 महिलाओं ने सुरक्षित रूप से बच्चों को जन्म दिया। इन प्रसवों में 6 नवजात बेटियां और 4 नवजात बेटे शामिल हैं। सभी प्रसव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रभा रानी प्रसाद की देखरेख में हुए।

****

पलामू जिले में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सोना सोबरन साड़ी योजना इस बार भी समय पर पूरी नहीं हो सकी है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

****

मौसम विभाग ने राज्य में 28 से 30 अक्टूबर तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में बना गहरा निम्न दबाव क्षेत्र प्रबल चक्रवातीय तूफान में परिवर्तित होने की ओर अग्रसर है। कल सुबह तक इसके गहरे निम्न दबाव से चक्रवातीय तूफान का रूप लेने के आसार हैं। उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 28 अक्तूबर की सुबह तक यह गंभीर चक्रवातीय तूफान में बदल जाएगा। इसका सीधा असर झारखंड पर पड़ेगा। अगले तीन दिन में ठंड भी बढ़ने की संभावना जताई गई है।

****

रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आज समापन हो जाएगा। चैंपियनशिप समापन समारोह के मुख्य अथिति झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो होंगे। समापन समारोह कार्यक्रम रात 8 बजे से होगा। इससे पहले फाइनल इवेंट्स शाम छह बजे से शुरू होंगे।

*******समाप्त**************